

पृष्ठ संख्या 2

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

# संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222



सम्पादकः राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

वर्षः 04 | अंकः 19 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, बुधवार 7 जनवरी, 2026 | मूल्यः 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.


# चौमूं में पत्थरबाजों पर प्रशासन का बुलडोजर एक्शन

## 25 दिसंबर को हुआ था मस्जिद पर रेलिंग लगाने पर बवाल

**चौमूं / जयपुर (संस्कार सृजन)**

चौमूं शहर के बस स्टैंड स्थित कलंदरी मस्जिद में 25 दिसंबर को हुए बवाल के आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गयी । पुलिस और नगर परिषद् प्रशासन द्वारा शहर में इमाम चौक जाने वाले रस्ते और पठानों के मोहल्ले में अवैध निर्माणों को तोड़ा गया।



25 दिसंबर को चौमूं बस स्टैंड स्थित कलंदरी मस्जिद के बाहर लोहे की रेलिंग लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान पत्थरबाजों ने पुलिस पर हमला कर दिया था। घटना में 6 पुलिसवालों के सिर में चोट आयी थी। तनाव के चलते दो दिन इंटरनेट भी बंद रहा था।

प्रशासन ने 24 पत्थरबाजों के घरों पर नोटिस चस्पा कर तीन दिन में जवाब देने के लिए कहा था। नोटिस की मियाद 31 दिसंबर को पूरी हो गई थी।



कार्रवाई में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया । ये कार्रवाई ऑपरेशन क्लीन के तहत की गयी है।

नगर परिषद चौमूं ने 29 दिसम्बर को 20 अवैध बूचड़खाने, 4 अवैध निर्माण को लेकर तीन दिन का नोटिस दिया था। जिन लोगों लीगल डॉक्यूमेंट्स नहीं दिए, उनके यहां कार्रवाई की गयी ।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बुलडोजर एक्शन का स्वागत किया है और भजन लाल सरकार का आभार जताया है।

मौके पर डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा, एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता, आईपीएस उषा यादव, चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा सहित कई अन्य थानों के एसएचओ मौजूद रहे । प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### प्रदेश में कानून का राज, उपद्रवियों के लिए कोई जगह नहीं- रामलाल शर्मा

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि चौमूँ की कार्रवाई उन लोगों के लिए एक कड़ा संदेश है जिनका कानून में विश्वास नहीं है। प्रदेश में अब पत्थरबाजों और शांति भंग करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है।

पूर्व विधायक ने बताया कि उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर त्वरित अमल हुआ है। उन्होंने उदयपुरिया मोड़ पर मंदिर शिफ्ट करने के स्थानीय लोगों के फैसले को सराहनीय बताया और मुस्लिम समुदाय से भी अपील की कि वे बस स्टैंड क्षेत्र से स्वेछा से अतिक्रमण हटाएं ताकि शहर को जाम से मुक्ति मिले और भाईचारा बना रहे।

रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ-साथ सुरक्षित राजस्थान के संकल्प पर अडिग है। अवैध निर्माणों पर चला यह बुलडोजर पूरे प्रदेश के असामाजिक तत्वों के लिए एक नजीर साबित होगा।




## समर्पण संस्था के जीवन जीने की कला व्याख्यान में सम्मिलित हुए डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** समर्पण संस्था द्वारा आयोजित 21वीं सदी में उत्कृष्ट जीवन जीने की कला व्याख्यान में सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद् शर्मा सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम दुर्गापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा पूर्व राज्यसभा सांसद रहे। आर्किटेक्ट और समर्पण संस्था के संस्थापक डॉक्टर दौलत राम माल्या मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में अनेक संस्थाओं के प्रमुख जो मानवता और परोपकार के लिए समर्पित हैं उनको बुलाया गया। डॉक्टर माल्या ने उत्कृष्ट जीवन जीने की कला से अवगत करवाया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा का दुपट्टा व सम्मान पत्र द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि ऐसे अच्छे कार्य समर्पण संस्था डॉक्टर दौलत राम माल्या के नेतृत्व में करती रहे। हमारा हमेशा पूर्ण सहयोग रहेगा। जीवन प्रबंधन से ही उत्कृष्ट जीवन का निर्माण संभव है। प्रतिदिन किसी न किसी व्यक्ति को किसी भी माध्यम से जरूर सेवा करनी चाहिए। गौरतलब है कि डॉ.सुरेश चंद शर्मा सनातन धर्म की अलख जगाने के साथ गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए प्रयासरत हैं।

## रीढ़ की हड्डी टूटने से विकलांग हुआ,जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल ने किया कमाल



**जयपुर (संस्कार सृजन)।** शहर के जयपुर रोड स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में एक अनूठा मामला देखने को मिला है जिसमें खौराश्यामदास निवासी जगदीश सैनी पुत्र कजोड़मल सैनी कई दिनों पहले छत से गिर गया था। जिससे रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। इस वजह से शरीर का नीचे का हिस्सा बिलकुल भी काम नहीं कर रहा था। इसका ऑपरेशन करवाने के बाद भी कुछ भी फ़र्क नहीं आया। कई जगह दिखाने पर भी निराशा ही हाथ लगी। जिसकी वजह से मरीज मानसिक रूप से भी कमज़ोर हो गया। सोचने लगा कि अब ज़िंदगी में कुछ नहीं कर पाऊंगा।

एक दिन पेशेंट को इनके रिश्तेदार सीताराम सैनी चौमूं स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में लेकर आए जिसमें डॉक्टर आर के सैनी ने जाँच कर के बताया कि ये लगभग 2-3 महीने की एडवांस न्यूरो फिजियोथेरेपी द्वारा पहले जैसे चल पाएँगे। फिर उन्होंने विश्वास करके यहाँ इलाज करवाया जिसके बाद आज मात्र ढाई महीने में ये अपने पैरों पर बिना किसी सहारे के अपने आप चल फिर पार पा रहे हैं।

इलाज़ की सफलता को देखकर मरीज़ के परिजनों ने डॉक्टर आर के सैनी को साफ़ा, माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर आभार प्रकट किया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर सैनी ने बताया है कि इनकी D12 लेवल पर स्पाइनल कॉर्ड इंजरी थी जिसकी वजह से इनके नीचे के हिस्से को लकवा मार गया था। जिसका हमने एडवांस रोबोटिक न्यूरो फिजियोथैरेपी द्वारा इलाज किया जिसके बाद मरीज़ अब बिलकुल ठीक है व अपने दैनिक कार्य और अपनी नौकरी कर पा रहा है।

# प्रिया सेवरा बनी मिस इंडिया मॉडल ऑफ द ईयर 2025-26

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

मीडिया बिज क्रिएशन ,बी .बी. सी. ग्रुप, नावीवर्ष और गोल्ड इवेंट्स के तत्वावधान में मॉडल ऑफ द ईयर 2025-26 का आयोजन मानसरोवर स्थिति ईडन गार्डन रिसोर्ट में हुआ।

कार्यक्रम आयोजक राधेश्याम शर्मा और ओपी मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर सपना कावट मिसेज इंडिया इंटरनेशनल, पवन जांगिड़, जेडी महेश्वरी, पवन गोयल, पूजा शर्मा, प्रियंका मीणा, बॉलीवुड एक्टर मोहित दुबे, डॉक्टर गोविंद सिंह, राहुल खुराना, ओजस्वी शंकर, पंखुड़ी तिवारी, नेहा विजय ने शिरकत की।



जबकि बॉलीवुड एक्ट्रेस डैजी शाह और बॉलीवुड सिंगर रामजी गुलाटी, डीजे आशिका सेलिब्रिटी गेस्ट रहे। प्रतियोगिता का खिताब प्रिया सेवरा ने जीता। चेल्सी तंवर फर्स्ट रनर उप, मान्या सैनी सेकंड रनर उप, नेहा रावल थर्ड रनर उप रही।

शो डायरेक्टर राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 30 फाइनलिस्ट ने वॉक की। फैशन डिजाइनर अशफाक खान ब्रांड जैनबस, शरीक खान ब्रांड इनायत और तुलिका वर्मा और स्टूडेंट्स आई. ऐंन. एस.डी. जयपुर की ड्रेस पहनकर मॉडल ने वॉक की जबकि सरिता शेरसिया ब्रांड ग्लेम औरा की टीम ने मॉडल की स्टाइलिंग और मेकअप किया। विजेताओं को क्राउन शेस और ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# मुंह चिढ़ाती दूषित जल से होने वाली मौतें

केंद्र सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद देश में दूषित पेयजल जैसी बुनियादी समस्याएं विकास को मुंह चिढ़ा रही हैं। देश में स्वछता में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी से पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब सौ लोग बीमार हो गए। यह तस्वीर बताती है कि देश में पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान अभी कोसो दूर है। सरकारें आंकड़ों के जरिए बेशक कितनी ही उपलब्धि का दावा कर लें किन्तु जमीनी हकीकत कुछ अलग है। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120 वें स्थान पर है और देश के लगभग 70 प्रतिशत जल स्रोत प्रदूषित हैं। इंदौर में जो हुआ उसने ये शक पैदा कर दिया है कि देश में कहीं भी ऐसी 'जहरीली मौत' की सप्लाई हो सकती है। ऐसा तब होता है जब सारे नियम और मानक भुला दिए जाते हैं। भारत में सप्लाई वॉटर की गुणवत्ता और पाइपलाइनों के रखरखाव को लेकर मानक तय हैं। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स सप्लाई वाले पानी के केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल पैरामीटर्स तय करता है। गाइडलाइंस कहती हैं कि उपभोक्ता के नल तक पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एजेंसी की जिम्मेदारी है। फिर वो सरकारी हो या प्राइवेट। गाइडलाइंस के मुताबिक पाइपलाइनों को 30 से 50 वर्ष के अंदर बदला जाना जरूरी है। अगर बार-बार लीकेज की शिकायत आती है तो बिना देरी किए पाइप बदला जाना चाहिए। इन गाइडलाइंस का कितना पालन होता है इंदौर की घटना के बाद इस पर सवाल उठ रहे हैं। जिस पर सफाई भी दी जा रही है।जुलाई 2022 में गंदे पानी से जुड़े आंकड़े लैंसेट स्टडी में बताया गया कि भारत में करीब 1.95 लाख बस्तियों में लोग दूषित पानी पी रहे हैं। जिसकी वजह से साल 2019 में 23 लाख से यादा लोगों की मौत हो गई थी। शहर ही नहीं गांवों में भी साफ पानी की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। गंदे पानी में बैक्टीरिया, वायरस, टॉक्सिन्स और हेवी मेटल्स जैसे खतरनाक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। अशुद्ध पानी पीने से हैजा, पीलिया, पेचिश, गले की बीमारी, टायफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। भारत में हर दिन बड़ी संख्या में लोगों को दूषित पानी पीना पड़ता है। कम्पोजिट वॉटर मैनेजमेंट इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत में दूषित यानी गंदा पानी पीने से हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2030 तक करीब 600 मिलियन लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ सकता है, जो देश की कुल आबादी का 40% है। दूषित पानी की समस्या से सबसे यादा दिल्ली और एनसीआर प्रभावित है। यहां की आबादी बढ़ने के साथ साफ पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन गंदे पानी की आपूर्ति कई लोगों की सेहत को खराब कर रही है। भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। देश के कई राय इस समय पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु देश के ऐसे टॉप तीन राय हैं, जहां के अधिकतर जिलों में पानी का संकट छाया हुआ है। मौजूद आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के लोग पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। इनमें से कई जिले ऐसे हैं, जिन्हें अति-दोहित, गंभीर और अर्ध-गंभीर श्रेणी में रखा गया। इसके बाद राजस्थान में 29 और तमिलनाडु में 22 जिले हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा मूल्यांकित भारत के गतिशील भूजल संसाधनों का राष्ट्रीय संकलन 2024 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर के 18 रायों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 जिलों को अति-दोहित, 22 जिलों को गंभीर और 69 जिलों को अर्ध-गंभीर श्रेणी में रखा गया है। हरियाणा जैसे अन्य रायों में 16 अति-दोहित जिले हैं। पंजाब में 19 अति-दोहित और 1 गंभीर जिला है। नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वछ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग, आपूर्ति की दोगुनी होने की संभावना है। इससे देश में करोड़ों लोगों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा तथा देश के सकल घरेलु उत्पाद में 6 प्रतिशत की हानि होने की संभावना है।



# गुलाबी शाम सुरों के नाम संगीत संध्या के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** सुकून सुर रागिनी एसएसआर ग्रुप की गुलाबी शाम सुरों के नाम संगीत संध्या 18 जनवरी 2026 को बड़े धूमधाम से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सभी सिंगर्स ने अपने कर कमलों से किया।

ग्रुप की डायरेक्टर नीरा राजबंशी ने बताया कि 18 जनवरी को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में लाइव बैंड पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब 35 सिंगर अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं।




# बिरसा मुंडा भीमराव अंबेडकर वाचनालय में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** ग्राम डोला का बास से सरकारी सेवा में नवनियुक्त प्रतिभागियों का अंतिम चयन होने पर बिरसा मुंडा भीमराव अंबेडकर वाचनालय पर पधारे हुए सभी प्रतिभागियों को माला, साफा, मोमेंटो देकर मान सम्मान किया गया। सभी आगुंतकों को जलपान करवाया गया इनमें से पांच प्रतिभागियों का राजस्थान पुलिस में व एक प्रतिभागी का ग्राम विकास अधिकारी के पद पर अंतिम चयन होने पर ग्रामीणों द्वारा सम्मान किया गया। सभी चयनित प्रतिभागियों ने वाचनालय में मदद करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा, रिटायर रेलवे अधिकारी सीएम मीणा, रिटायर रेलवे कर्मचारी सीताराम मीणा, आशीष मीणा, दीपचंद मीणा,सीताराम मीणा, बना राम मीणा, बाबूलाल मीणा सहित वाचनालय के सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# अमूल्य ज्ञान का बोध

## ✳ सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

## ✳ अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

## ✳ नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

## ✳ 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 1।.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

## ✳ 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

## ✳ नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

## ✳ चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

## ✳ सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

## ✳ 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

## ✳ सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान

# श्री श्याम सलोना सेवा समिति ने गौशाला को भेंट की 19वीं चारे की गाड़ी

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

सेवा, समर्पण और गौसंरक्षण की भावना को साकार करते हुए श्री श्याम सलोना सेवा समिति चौमूं द्वारा निरंतर चलाए जा रहे चारा संग्रह अभियान के अंतर्गत आज 19वीं चारे की गाड़ी अणतीराम बाबा गौशाला, कालाडेरा को भेंट की गई। समिति का यह प्रयास न केवल गौसेवा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।



कार्यक्रम में शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश चंद्र अग्रवाल (कालाडेरा), पूर्व सरपंच विष्णु नागर समाजसेवी बन्ना लाल यादव, कैलाश तिवारी, मिंटू साखुनिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के व्यवस्था प्रभारी कमल अग्रवाल एवं नरेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा संचालित यह चारा संग्रह अभियान का 19वां चरण है और आगे भी गौसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर एमवीएस फाउंडेशन के अध्यक्ष कन्यालाल सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति की ओर से उन्हें दवाइयों के तीन कार्टून भेंटकर सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में समिति के मनीष गोयल, मुकेश खुटेटा, विकास शर्मा, आशीष बुनकर, जितेंद्र झालानी, मनीष अग्रवाल, मुकेश जिंदल, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल थावरिया, दिनेश अग्रवाल, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र यादव, विक्रम वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में समिति के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

# शिक्षक डॉ.अशोक पाल सिंह अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन में करेंगे प्रतिभाग

**रूडकी (संस्कार सृजन)।** 9 से 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन 2026 को लेकर होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा एवं उददेश्य हेतु ऑनलाईन मीटिंग का अयोजन किया गया।



अध्यक्ष डॉ.अशोक बाजपेयी, भारतीय सेवा संस्थान एवं सांसद एवं मन्त्री, मुख्य अतिथि डॉ. रमेश पोखरियाल निदेशक, विशेष अतिथि ममता कालिया साहित्यकार, आयोजक मंडल श्याम परोडे महासचिव, प्रो.रमेश चन्द्र गौड इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, अनिता जोशी निदेशक अन्तराष्ट्रीय भारतीय भाषा, रवि टेक चंदानी दिल्ली भाषा विभाग, दिव्या माधुर वरिष्ट साहित्यकार, अर्चना, प्रो.उमा देवी, विनम्र शील चतुर्वेदी सहनिदेशक, ऋषि कुमार स्वरांग साने महाराष्ट्र, डॉ. अनिता वर्मा, डॉ. वेकटेश्वर रूव, डॉ. किरन खन्ना, डॉ.जितेन्द्र वीर, स्वागत भाषण सुनीता पाहुजा द्वारा दिया गया।

डॉ. शंकर मादव, संयोजक डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा कोलूर, माधुरीशम धारी, प्रो. सुनीता वेद सिंह, अनिल जोशी, मार्गदर्शक नारयण कुमार, वीर राव, जगन्नधन, डॉ. सुरेन्द्र, उत्तराखण्ड के भाषा शिक्षक डॉ. अशोक पाल सिंह ने भी प्रतिभाग कार्य तामिल भाषा एवं भारतीय भाषा हिन्दी- संस्कृत का संगम सरल सुबोध सीखने के तरीके पर चर्चा की गई भारतीय भाषाओ को विदेशो में पढाने व सिखने हेतु भारतीयों के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है।

# दिनेश कुमावत विराज फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त


**जयपुर (संस्कार सृजन)।** विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने संगठन के मीडिया कार्यों को सशक्त बनाने हेतु चौमूं निवासी दिनेश कुमार कुमावत को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश रीडर एवं समाजसेवी जगदीश प्रसाद कुमावत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने कुमावत को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।



## धर्म दर्शन

# पाक्षिक राशिफल


अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य




**मेष-** आपके अंदर ऊर्जा तो बहुत रहेगी, लेकिन उसके साथ थोड़ी बेचैनी भी जुड़ी रहेगी।

कामकाज में जिम्मेदारी बढ़ सकती है आपको ये सीखने को मिलेगा कि हर लड़ाई जीतना ज़रूरी नहीं, कई बार शांति बनाए रखना ज्यादा फायदेमंद होता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें और नींद पूरी लें।

**वृषभ-** आप मानसिक रूप से थोड़े शांत महसूस करेंगे। घर-परिवार के साथ बैठकर बात करने का मौका मिलेगा । पैसों को लेकर जो चिंता बनी हुई थी, उसमें सुधार दिखेगा। आपको ये एहसास होगा कि सुकून बड़ी चीज नहीं, बल्कि छोटी-छोटी खुशियों में छिपा होता है।

**मिथुन-** आपका दिमाग तेज़ी से काम करेगा और कई नए आइडिया आएंगे । काम के सिलसिले में मीटिंग, कॉल या बातचीत बढ़ सकती है। बोलने की आपकी ताकत इस हफ्ते आपकी पहचान बनेगी, लेकिन शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। रिश्तों में किसी बात को हल्के में लेना नुकसानदेह हो सकता है।

**कर्क-** पुरानी यादें या कोई अधूरी बात मन में बार-बार आ सकती है। परिवार या किसी करीबी से बातचीत आपको अंदर से मजबूती देगी। कामकाज में मन लगाने में थोड़ी दिक्कत आ सकती है, लेकिन जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। इस हफ्ते खुद से लड़ने के बजाय खुद को समझने की जरूरत है।

**सिंह-** आपकी मौजूदगी लोगों को साफ़ महसूस होगी। कामकाज में कोई नई जिम्मेदारी या मौका मिल सकता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। रिश्तों में गर्मजोशी और आकर्षण बना रहेगा । बस इतना ध्यान रखें कि सामने वाले की भावनाओं को नजरअंदाज न करें।

**कन्या-** काम का दबाव बना रहेगा और आप हर चीज़ को सही तरीके से करने की कोशिश करेंगे। सेहत, खासकर पेट और नींद से जुड़ी चीज़ों पर ध्यान दें। रिश्तों में छोटी-छोटी बातों को लेकर चिड़चिड़ापन आ सकता है । आपको ये सीखने को मिलेगा कि खुद पर दया करना भी ज़रूरी है।

**तुला-** किसी रिश्ते या फैसले को लेकर जो उलझन चल रही थी, उसका हल धीरे-धीरे निकल सकता है। बातचीत इस हफ्ते आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। जो बात लंबे समय से दिल में दबाए बैठे थे, उसे सही शब्दों में रखने का मौका मिलेगा। कामकाज में स्थिरता रहेगी, न बहुत ज़्यादा अच्छा, न बहुत बुरा।

**वृश्चिक-** आप बाहर से शांत दिखेंगे, लेकिन अंदर बहुत कुछ चल रहा होगा। कुछ सच्चाइयाँ सामने आ सकती हैं, जो पहली नजर में चुभेंगी । रिश्तों में या तो गहराई बढ़ेगी या साफ़ हो जाएगा कि कौन कितना आपके साथ है। हर चीज़ को कंट्रोल करने की कोशिश छोड़ें ।

**धनु-** आपका मन आजादी और बदलाव की ओर खिंचेगा। किसी नए प्लान, यात्रा या सीखने की सोच बन सकती है। पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलना होगा, फालतू खर्च हो सकता है। जिम्मेदारियों से पूरी तरह बचा नहीं जा सकता। जीवन को हल्के अंदाज़ में लेने की सीख मिलेगी।

**मकर-** कामकाज में दबाव रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत और अनुशासन आपको आगे बढ़ाएगा। परिवार या किसी करीबी के प्रति आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ सकती है। रिश्तों में कम शब्दों में गहरी बातें होंगी। आपको ये समझ आएगा कि धीरे चलकर भी मंज़िल तक पहुँचा जा सकता है।

**कुंभ-** आपकी अलग सोच और नजरिया सामने आएगा। लोग आपकी बातों को सुनेंगे और आपकी राय को महत्व देंगे। कामकाज में कुछ नया करने का मन करेगा । रिश्तों में आपको अपनी आज़ादी चाहिए होगी। आप जैसे हैं, वैसे ही बने रहना आपकी सबसे बड़ी ताकत है।

**मीन-** आपकी संवेदनशीलता बढ़ी हुई रहेगी। आप दूसरों की भावनाओं को जल्दी समझेंगे और मदद करने का मन भी करेगा। कामकाज में मन भटक सकता है, लेकिन ज़िम्मेदारी निभानी होगी। रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा और किसी अपने से दिल की बात करने का मौका मिलेगा।

# (कहानी) लालची मंत्री


प्रभाती लाल सैनी

बहुत पुरानी बात है दक्षिण भारत में एक राजा राज्य करता था। राजा का राज्य समुद्र के किनारे था। राजा को भोजन के साथ मछलियां खाने का बहुत शौक था। बिना मछलियों के राजा का भोजन अधूरा रहता था ।

एक बार की बात है राजा के राज्य में बहुत तेज तूफान आया जिसके कारण कोई भी मछुआरा मछली पकड़ने के लिए समुद्र में नहीं जा सका। उस दिन राजा को भोजन में मछलियां नहीं मिली जिससे राजा बहुत उदास हो गया। राजा ने जब अपने मंत्रियों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने बतलाया कि इतने तेज तूफान में समुद्र में मछली पकड़ने जाना अपनी जान पर खेलने के समान है इसलिए कोई भी मछुआरा समुद्र नहीं जा रहा है। राजा ने घोषणा करवाई की जो भी समुद्र से ताजी मछलियां लाएगा उसे मुंह मांगा इनाम दिया जाएगा। राजा की घोषणा सुनकर मछुआरों के मन में लालच तो आया किंतु कोई भी मछुआरा अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हुआ। उसी राज्य में एक बहुत ही गरीब मछुआरा रहता था उसे जब राजा की इस घोषणा का पता चला तो अपनी दरिद्रता दूर करने के लिए वह अपनी जान की परवाह किए बगैर समुद्र में चला गया। समुद्र में उसने जाल फेंका जिसमें कई बड़ी-बड़ी मछलियां फंस गई। मछुआरा मछलियां लेकर राजा के महल पहुंचा किंतु राजा के सैनिकों ने उसे महल में नहीं घुसने दिया। राजा के एक खास मंत्री ने मछुआरे को ताजी मछलियों के साथ देखा तो मछुआरे को अपने साथ राजा के पास ले जाने के लिए तैयार हो गया । मंत्री जानता था कि राजा मछलियां देखकर बहुत अधिक प्रसन्न होगा और इसके बदले मछुआरे को बहुत सारा धन देगा इसलिए उसने मछुआरे के समक्ष एक शर्त रखी की जो भी इनाम मिलेगा उसका आधा हिस्सा मंत्री अपने पास रखेगा। मछुआरा मंत्री की बात मान गया और मंत्री मछुआरे को लेकर राजा के पास पहुंचा।

मछुआरे के पास ताजी-ताजी मछलियां देख राजा बहुत खुश हुआ। राजा ने मछुआरे को मुंह मांगा इनाम मांगने के लिए कहा। मछुआरा राजा से हाथ जोड़कर बोला- महाराज ! मुझे बीस कोड़े मारे जाएं। मछुआरे की बात सुनकर राजा को बड़ा आश्चर्य हुआ और उसने फिर से मछुआरे से कुछ मांगने के लिए कहा किंतु मछुआरे ने फिर 20 कोड़े खाने का इनाम माँगा ।

राजा ने अपने सैनिकों को बुलाया और मछुआरे को 20 कोड़े मारने का आदेश दिया। सैनिकों ने मछुआरे को कोड़े मारना शुरू किया। 10 कोड़े खाने के बाद मछुआरा राजा से बोला- महाराज ! मुझे आप जो भी इनाम देंगे उसका आधा हिस्सा मुझे मेरे हिस्सेदार को देना पड़ेगा इसलिए बाकी के दस कोड़े मेरे हिस्सेदारी को दे दिए जाएं। मछुआरे की बात सुनकर राजा को फिर आश्चर्य हुआ और राजा ने उसके हिस्सेदार का नाम पूछा।

मछुआरा मंत्री की तरफ इशारा करते हुए बोला - महाराज ! यही मेरे हिस्सेदार हैं। इन्होंने ही मुझे आपके पास लाने के बदले प्राप्त ईनाम का आधा हिस्सा मांगा है। राजा ने मंत्री की ओर देखा तो मंत्री ने शर्म से अपना सर झुका लिया। राजा ने आदेश दिया कि बाकी के दस कोड़े मछुआरे के हिस्सेदार को मारे जाएं। सैनिकों ने राजा के आदेश पर मंत्री को दस कोड़े मारे। राजा ने मंत्री को उसके लालच के कारण अपने मंत्री पद से हटकर राज्य से बाहर कर दिया और मछुआरे को बहुत सारा इनाम देकर विदा किया। इसलिए लालच में आकर कभी भी किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करना चाहिए।

## नववर्ष (कविता)

हंसती और खिलखिलाती जिंदगी एक बार फिर गुलजार हो जाये।
नए साल में खुशियों की ढेर सारी फिर से बरसात हो जाये।
न महामारी जिंदा रहे न ही कोई हिंसक प्रदर्शन चलते रहे।
नववर्ष मे फिर से परमात्मा के आशीष सबपर मेहरबान हो जाये।
न लुटे और लुटाए नेता और रिश्वतखोर मेरे प्यारे वतन को।
फिर से भारत मे सुशासन आ जाय व राष्ट्र में राम राज्य हो जाये।
पुरुषार्थ से भरा मेरा प्यारा वतन,भारत सोने की चिड़िया बन फिर से खुशहाल हो जाये।
उद्योगों, खेती,बेकारों व अमन की दुर्दशा अब देखी नही जाती ।
न जातिवाद वर्ग विभेद क्षेत्रवाद रहे मेरे भारत में,
प्यार से परिपूर्ण वासुदेव कुटुंबकम् का प्यारा हिंदुस्तान हो जाए।
भारत की पुण्य भू पर फिर जय जवान ,जय किसान ,जय विज्ञान हो जाये।
नया साल आया है सबकी जुबां पर महाविकास लेकर,
फिर से मेरा प्यारा मुस्कुराता हिंदुस्थान हो जाये।
न नारी पर दुराचार रहे न आतंक का साया मंडराए माँ भारती पर ।
पवित्र राष्ट्र प्रेमी जाबांजों के हाथ मे फिर से भारत का राज हो जाये।
नए साल आने की खुशी में परमात्मा भी हम सब पर फिर मेहरबान हो जाये।
दुःखों की अंधी खाई से निकल जाए सब भारतवासी।
हर तरफ खुशियां ,मुस्कानों,मोहब्बतों व अमन का पैगाम हो जाए।
नए साल में भारत व भारती के लाल फिर से एकता की मिसाल हो जाये।
मेरा प्यारा देश प्यार,स्नेह,एकता व सम्रद्धि का नया हिंदुस्थान हो जाये
नेता और राष्ट्र जन न गरीमा कम करे भारत व भारती की
भारतीय राजनीतिज्ञों में फिर राष्ट्रप्रेम सौहार्द हो जाये।
भारतीय संस्कृति को गौरवशाली बनाते रहे हिंदुस्तानी
विश्वजन की जुबां पर बस हिंदुस्तान हिंदुस्तान हो जाए।
करे मिलकर प्रण हम महामारी सड़क सुरक्षा का,
अपना ले नियम,संयम व योग और अनुशासन को
मेरा भारत फिर निरोग व दमदार चरित्रवान हो जाये।
भारत के जन जनकी रग रग में स्वर्णिम हिंदुस्थान हो जाए।



**राजेन्द्र आचार्य राजन, भवानीमंडी**



## पंडित रविन्द्राचार्य ने की राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने ने जयपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी से मुलाकात की।

आचार्य ने सांसद को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर ,श्याम कलम देकर अभिनन्दन किया और इनके उजवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान सिविल लाइंस युवा नेता भवानी शंकर शर्मा,सुमित चौधरी ,मुकेश अग्रवाल,नानकराम जांगिड़, अंकित शर्मा,महेंद्र सोनी, विजय शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमित सैनी बने चौमूं मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**चौमूं (संस्कार सृजन)।** श्री वीर तेजजी धाम रेनवाल रोड पर चौमूं मोबाइल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अमित सैनी फिर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों ने फॉर्म भरा था लेकिन दो प्रत्याशियों ने फार्म वापस ले लिया जिससे अमित सैनी फिर से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए ।

अध्यक्ष अमित सैनी ने सर्वसम्मति से विवेक शर्मा को उपाध्यक्ष, सचिव हेमांशु, महेंद्र दादरवाल व विनोद शर्मा को, लालचंद गुलिया को कोषाध्यक्ष, मनीष सैनी व कालूराम यादव को महासचिव बनाकर कार्यकारिणी घोषित की।

इस दौरान ऑल इंडिया मोबाइल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अमित सैनी को बधाई देते हुए कहा कि आशा है कि हमेशा की तरह मोबाइल रिटेलर के हित में कार्य करते रहोगे।

सचिव महेंद्र दादलवाल ने बताया कि पूरी कार्यकारिणी को माला साफा पहनाकर स्वागत किया और फिर पौषबड़ा प्रसादी ग्रहण की।

इस दौरान चौमूं, जैतपुरा ,रामपुरा, गोविंदगढ़, कालाडेरा, रेनवाल आदि स्थानों से विपिन शर्मा, दिनेश सैनी, विपिन गोयनका, पंकज सैनी ,राहुल शर्मा ,मुकुल ,राजवीर, राकेश शर्मा, श्रीसिंह चौधरी, अमित शर्मा सहित सैकड़ों डीलरों ने भाग लिया।

# पुष्कर में किसानों के लिए जैविक व प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित

**पुष्कर (संस्कार सृजन)**

इंडियन ग्रामीण सर्विसेज (आईजीएस) के माध्यम से बंधन बैंक के प्रोजेक्ट अंतर्गत मोतीसर, पुष्कर में किसानों के साथ पौधारोपण, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जैविक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना रहा। कार्यक्रम में रवि बाबू, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, रूबीना बानू, डीडीएम नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) से धर्मेंद्र सिंह भाटी, संजय कुमार सिंह, एलडीएम, कविश कुमार, आरएम ग्रामीण बैंक, कालूराम, आरसेटी डायरेक्टर, जुगराज, एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, नन्द लाल माली सहित आईजीएस टीम से मनीष सैनी एवं महावीर पारीक ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के दौरान रवि बाबू ने एफपीओ के माध्यम से संचालित प्रोसेसिंग यूनिट का भ्रमण किया तथा आंवला एवं गुलकंद प्रसंस्करण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने उत्पादों की स्टॉल का अवलोकन कर एफपीओ की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। वहीं आरएम कविश कुमार ने किसानों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

केवीके के विशेषज्ञ धर्मेंद्र सिंह भाटी ने क्षेत्र में उपयुक्त पौधों की किस्मों एवं समय-समय पर आयोजित होने वाले कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी किसानों को प्रदान की। आईजीएस से मनीष सैनी ने एफपीओ की गतिविधियों एवं किसानों की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। वहीं महावीर पारीक ने बंधन बैंक प्रोजेक्ट अंतर्गत पौधारोपण, जैविक खेती एवं किसान क्षेत्र विद्यालय (एफएफएस) के प्रशिक्षण की जानकारी साझा करते हुए किसानों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया।



इस अवसर पर एफपीओ के बीओडी सदस्य सेठू रावत, भगवान सिंह, सत्यनारायण यादव, राम सिंह सहित लगभग 90 से 100 शेयरधारक किसानों ने भाग लिया। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जैविक खाद एवं जैविक दवाइयों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है और उत्पादन में वृद्धि होती है, वहीं जैविक दवाइयों, कीट प्रबंधन एवं बीजोपचार से फसल उत्पादन बढ़ता है और खेती की लागत में कमी आती है।

कार्यक्रम के अंत में रवि बाबू द्वारा पौधारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कृषि को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। यह कार्यशाला किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई और जैविक व प्राकृतिक खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



# सरजू देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ 101 यूनिट रक्तदान, सांसद अमराराम सहित कई दिग्गज रहे मौजूद

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** फतेहपुरा बांसा स्थित मातृ शक्ति भवन में पूर्व वार्ड पंच स्वर्गीय सरजू देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जनसेवक रविकांत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में सेवा का अनूठा जबा देखने को मिला, जहाँ 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर स्वर्गीय शर्मा को सची श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सीकर लोकसभा सांसद कॉमरेड अमराराम ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधान कल्याण सहाय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम बलेसरा, सहकारी समिति फतेहपुरा अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, पूर्व विधायक प्रत्याशी छुट्टन यादव, लालाराम बापलावत, कालूराम बोहरा और पूर्व भाजपा बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और इस मानवीय कार्य की सराहना की। जनसेवक रविकांत शर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में बलेसरा परिवार का विशेष सहयोग रहा। परिवार की ओर से जय नारायण , गोपी राम , कल्याण सहाय, कानाराम, ओम प्रकाश , नंदलाल , राजेंद्र प्रसाद, राम, श्याम, महेश बलेसरा, शंकर बलेसरा, गिरधारी बलेसरा, जगदीश बलेसरा, राजेंद्र प्रसाद बलेसरा, गजानंद बलेसरा, विष्णु शर्मा, प्रहलाद बलेसरा, सीताराम बलेसरा ,अशोक बलेसरा, संजय शर्मा और अरुण बलेसरा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# विराज फाउंडेशन का तुलसी नगर भ्रमण कार्यक्रम भव्य रूप से हुआ संपन्न

**चौमूं (संस्कार सृजन)**

विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में तुलसी नगर भ्रमण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीताराम जी के मंदिर, गढ़ परिसर से प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर संत श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज, हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा एवं सागर पुरी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पंडित ईश्वर दास शर्मा एवं पंडित अरुण कुमार शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.लाल साधवानी (यूएसए) तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे। साथ ही विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, रायपाल सिक्किम के निजी सचिव विजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, नगर परिषद उपसभापति प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा एवं राजस्थान पेंशनर मंच अध्यक्ष राधेश्याम यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नगर भ्रमण के दौरान हजारों महिलाओं ने शाही लवाजमे के साथ तुलसी के पौधे लेकर सहभागिता की, जिससे संपूर्ण नगर भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के पश्चात तुलसी माता एवं शालिग्राम जी का सहस्त्रार्चन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, डॉ. बंशीधर शर्मा, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, राधेश्याम जोशी, ओमप्रकाश रीडर, अशोक रेवडका, डॉ. पवन कुमार तिवाड़ी, डॉ. एम.के. अग्रवाल, डॉ. सीताराम कुमावत, नारायण लाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एडवोकेट हेमेन्द्र शर्मा, मखनलाल शर्मा, हरिओम शर्मा, मुकेश लालानी, मुकेश दीक्षित, भवानी शंकर शर्मा, एडवोकेट अजय शर्मा, हजारीलाल शर्मा, कैलाश तिवाड़ी, सुनीता शर्मा, मंजू शर्मा, ममता शर्मा, सुमन शर्मा एवं सुधा शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया डॉ अंबेडकर राजस्थान सेवा सम्मान-2025 से सम्मानित

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

भारतीय दलित साहित्य अकादमी जिला शाखा बारां के अटरू में स्थित खेड़लीगंज एक निजी रिसोर्ट में रविवार को 17 वां शिक्षा, साहित्य एवं समाज सेवा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में अकादमी के प्रदेशाध्यक्ष प्रोफेसर स्वामी आत्माराम उपाध्याय, पंचायत समिति अटरू प्रधान वंदना नागर, अकादमी के राष्ट्रीय सचिव व सरपंच संघ के प्रदेश मुख्य संरक्षक कृष्ण मुरारी दिलावर, अकादमी की सिक्किम एंड वेस्ट बंगाल कॉर्डिनेटर शांति सुंदास, लॉर्ड बुद्ध संस्थान यूपी की अध्यक्ष एडवोकेट सुंदरी डोगर, अकादमी के प्रदेश महामंत्री भोमाराम बॉस, सामाजिक एकता मंच के अध्यक्ष इस्लाम मलिक, नगरपालिका कार्यवाहक ईओ व नायब तहसीलदार योगेंद्र कुमार त्रिवेदी, अकादमी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष हेमलता कासौटिया, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित व अकादमी के राष्ट्रीय सचिव बाबूलाल निर्मल, प्रदेश कॉर्डिनेटर संजय मेघवाल, कोटा संभागीय अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीलाल धाकड़, अकादमी बारा के जिला प्रवक्ता भूपेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिरोहिया, तहसील अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक दुर्गाशंकर नायक ने समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए चौमूं तहसील के ग्राम टांकरड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर डॉ. अंबेडकर राजस्थान सेवा सम्मान-2025 से नवाजा गया।





# पवन कुमार प्रजापति का राजस्थान सह प्रभारी नियुक्त करने पर हुआ स्वागत

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के वर्ष 2018 के विधायक प्रत्याशी रहे एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति को प्रदेश आरटीआई व मानवाधिकार आयोग का राजस्थान सह प्रभारी नियुक्त करने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यकर्ताओं ने प्रजापति का माला, साफा व लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी सीकर हेमंत अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नगर चौमूं के एडवोकेट अमित कुमार शर्मा ,ओम प्रकाश कुमावत, रतनलाल कुमावत आदि सभी कार्यकर्ताओं ने प्रजापति का भव्य अभिनंदन कर स्वागत किया ।

RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।

उपसंपादक- रजनीश सैनी